


VOL: 7 | ISSUE 340 | MONDAY DATE 26-12-2022 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

## सरकार की नीतियों को कौसते उद्योगिक घरानें

# खुद सतलुज क्लब चुनाव के बाद पब्लिक प्लेस बनाया कुड़ेदान

### कारोबारी अपने घरों पर करोड़ों खर्च कर बनाते है आलिशान और सरकारी जगह पर फैला रहे गंदगी

लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। एक तरफ जहां शहर के कोरपोरेट घराने, बड़े उद्योगपति व कारोबारियों द्वारा राज्य सरकार की हर नीती को कौसा जाता है, जबकि उन्हें स्वच्छ सामाज न देने के आरोप लगाए जाते है। वहीं ऐसे करोड़पति लोगों द्वारा खुद सड़कों पर गंदगी फैला तो दी जाती है, लेकिन उसे इकट्ठा कौन करेगा, इसका पता नहीं है। बात कर रहें है सतलुज क्लब चुनाव की। जहां पर शनिवार को चुनाव के समय बड़े बड़े नेताओं, कोरपोरेट घरानों के लोगों, उद्योगपतियों, कारोबारियों व अन्य बिजनेसमैन द्वारा अपने उम्मीदवारों के हक में वोटिंग कराने के लिए मेंबर्स को लुभाने को खाने पीने के स्टाल लगाए गए। जहां पर तरह तरह के स्टाल लगे, जबकि किसी ने लंगर व अन्य खाने की चीजें




स्टाल लगाकर लगाई। इस दौरान खुब गंदगी फैलाई गई। जबकि खाने पीने की चीजें सड़क तक फेंक दी गई। लेकिन चुनाव होने के बाद किसी ने कुड़ा उठाने की जिम्मेदारी तक नहीं समझी। रविवार को क्लब के आसपास सड़क पर कुड़ा व गंदगी का ढ़ेर लगा रहा। जबकि बता दें कि इस क्लब की प्रेजिडेंट जिला डीसी है। जिसके बावजूद यह हालात है।



#### क्लब की नई टीम के सदस्य भी हुए लापता

शनिवार को क्लब में चुनाव हुए और नई टीम चयनित की गई। लेकिन जीत हासिल करने के बाद टीम के सदस्य भी गायब हो गए। जीतकर कोई सदस्य पार्टी कर रहा है तो कोई घर में बैठा है। जबकि किसी ने क्लब में आकर उसके हालातों को देखना जरुरी तक नहीं समझा। जबकि सभी सदस्यों द्वारा चुनाव से पहले अपने एजेंटों में साफ व स्वच्छ वातारवण रखने के वादे किए थे। जबकि पहले दिन उनके वादे न पूरे होते नजर आए।

#### आसपास निगम व पुलिस अधिकारियों के घर

सतलुज क्लब के एकदम पास ही नगर निगम कमिश्नर का घर है। जबकि एक तरफ पुलिस अधिकारियों की कोठियां हैं। जबकि अन्य बड़े प्रशासनिक अधिकारियों की रिहायश है। जिसके बावजूद यहां स्वच्छता के यह हालात है। जबकि उद्योगपतियों द्वारा अपने घरों पर करोड़ों रुपए खर्च कर एकदम आलिशान घर बनाए जाते है और सफाई एकदम क्लीन होती है। जबकि पब्लिक प्लेस को कुड़ेदार बनाया जा रहा है। जबकि इन्हीं गंदगी भरी सड़कों से होकर उन्हें अपने बढ़िया घरों में जाना होता है।

#### सभी क्लब मेंबर्स को भेजा जाएगा नोटिस



वहीं आरटीआई एक्टिविस्ट व सोशल रीफार्मर्स एनजीओ के प्रेजिडेंट राजेश गुप्ता ने बताया कि सतलुज क्लब एक प्रतिष्ठित क्लब है। शहर के नामी लोग इसके मेंबर्स है। जबकि चुनाव में शहर के बड़े घरानों ने हिस्सा लिया। जिसके बावजूद यहां कुड़े के ढ़ेर पड़े है। राजेश गुप्ता ने कहा कि उनकी और से सभी क्लब मेंबर्स को नोटिस जारी कराया जाएगा। जबकि संबंधित विभाग से जिम्मेदार लोगों पर कानूनी कार्रवाई करवाई जाएगी। गुप्ता ने कहा कि उनकी टीम द्वारा अब शहर में रहेगी। टीम महानगर में होने वाले हर धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक समारोह पर नजर रखेगी। अगर किसी भी समारोह में गंदगी फैलाई गई तो प्रबंधकों के खिलाफ शिकायत देकर कार्रवाई करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वह शहर की खुबसुरती को बरकरार रखेगें। इसे किसी भी हालत में बिगड़ने नहीं देगें।

## लुधियाना मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन ऑफिस किश्त जमा कराने बहाने घुसे बदमाश, कैशियर से लुटा एक लाख कैश





लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। मेहरबान के नूरवाला रोड पर पांच हथियारबंद बदमाश किश्त जमा कराने के बहाने मंडी बोर्ड के पूर्व चेयरमैन के ऑफिस में घुस गए। जिसके बाद कैशियर से पिस्टल की नोक पर एक लाख रुपए कैश छीनकर ले गए। कैशियर ने बदमाशों का मुकाबला भी किया, मगर उन्होंने उसके सिर में पिस्टल का बट मारकर जख्मी कर दिया और फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर एसीपी गुरदेव सिंह और थाना मेहरबान के एसएचओ दविंदर सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने विवेक कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लुधियाना मंडी बोर्ड के पूर्व चेयरमैन दर्शन लाल लड् डू का प्रॉपर्टी का कारोबार भी है। उनका नूरवाला रोड पर ऑफिस है। कैशियर विवेक कुमार ने बताया कि रविवार सुबह वह एक वर्कर के साथ ऑफिस में बैठा था। इसी दौरान 5 बदमाश आए और उन्होंने प्लाट की किश्त जमा करवाने की बात कही। विवेक ने सोचा शायद कोई किश्त जमा करानी है। जिसके बाद उन्होंने एकदम पिस्टल निकाल ली और नकदी लूट ली।

#### वारदात से प्रॉपर्टी डीलरों में रोष

विवेक ने बताया कि वह यह दफ्तर सिर्फ रविवार के दिन ही खोलते है। देर शाम इस घटना के बाद लोग सहमे हुए हैं। वहीं आस-पास के बाकी प्रापर्टी कारोबारियों में पुलिस के प्रति रोष है। सरेआम दिन दिहाड़े इस तरह की वारदात होना पुलिस की लापरवाही का नतीजा है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। एसीपी गुरदेव सिंह अनुसार मामले की जांच की जा रही है। जल्द आरोपी पकड़ लिए जाएंगे।

## लुधियाना जीएसटी के संग्रह और विकास दर में पहले और रोपड़ और पटियाला दूसरे स्थान पर रहा

चंडीगढ़/यूटर्न/25 दिसंबर। जीएसटी के संग्रह में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखते हुए लुधियाना डिवीजऩ ने चालू वित्तीय वर्ष के पहले आठ महीनों के दौरान जीएसटी के संग्रह और विकास दर दोनों में ही राज्य स्तर पर पहले स्थान पर रहा। लुधियाना डिवीजऩ ने इस वित्तीय वर्ष के दौरान नवंबर के अंत तक 3354 करोड़ रुपए का जीएसटी राजस्व एकत्रित किया। जबकि इसी के साथ वित्तीय




वर्ष 2021-22 की इसी समय-सीमा के मुकाबले जीएसटी में 23.17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करवाई। इस संबंधी जानकारी देते हुए कराधान विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि लुधियाना-2 ने सबसे अधिक 1018 करोड़ रुपए का जीएसटी राजस्व एकत्र किया। जबकि लुधियाना-5 ने 48.18 प्रतिशत की जीएसटी वृद्धि के साथ लुधियाना डिविजऩ के अधीन आने वाले 6 जिलों लुधियाना-1, लुधियाना-2, लुधियाना-3, लुधियाना-4, लुधियाना-5 और फतेहगढ़ साहिब में सबसे अधिक वृद्धि दर दर्ज की। पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले पटियाला डिवीजऩ 25.99 प्रतिशत की विकास दर के साथ दूसरे स्थान, वहीं अमृतसर, जालंधर, फिऱोजपुर, फरीदकोट और रोपड़ डिवीजऩों ने क्रमवार 19.42, 19.39, 17.11, 9.45 और 2.49 प्रतिशत की विकास दर दर्ज की।

#### रोपड़ ने किया दूसरा स्थान प्राप्त

प्रवक्ता ने कहा कि कुल जीएसटी राजस्व संग्रह में रोपड़ डिवीजऩ ने 2002 करोड़ के जीएसटी राजस्व के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि जालंधर, अमृतसर, फरीदकोट, पटियाला और फिऱोजपुर डिवीजऩों की कुल जीएसटी संग्रह क्रमवार 1420.33 करोड़, 885.71 करोड़, 872.43 करोड़, 700.42 करोड़ और 364.3 करोड़ रुपए रही। पंजाब के गृह मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने विभाग की महीनावार समीक्षा बैठक के दौरान कराधान विभाग की अलग-अलग डिवीजऩों और उनके जिलों की कारगुजारी का जायजा लिया गया।

## लाडोवाल एक किलोमीटर लंबा लगा जाम, कांग्रेसी नेता ने पोस्ट डाल ट्रैफिक फ्री सिटी की दिखाई असलियत




लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। लाडोवाल टोल प्लाजा पर रविवार शाम को भारी ट्रैफिक जाम के कारण लोग परेशान होते रहे। लेकिन हालात यह है कि वहां पर जाम खुलवाने के लिए एक भी पुलिस मुलाजिम मौजूद नहीं था। जबकि यह जाम करीब एक किलोमीटर से भी लंबा लगा। रविवार को कांग्रेस पार्टी के नेता पवन दीवान भी इस जाम में फंसे। जिन्होंने जाम की फोटो क्लिक कर सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने कहा कि इतने बड़े जाम में लोग घंटों से फंसे रहे। लेकिन एक भी पुलिस मुलाजिम जाम खुलवाने को नहीं था। जबकि उन्होंने इस संबंध में केंद्र सरकार, पंजाब सरकार व पंजाब पुलिस को भी टैग कर पोस्ट डाली है। ताकि सरकारों को भी ट्रैफिक फ्री लुधियाना की असलियत पता चल सके।

## उद्यमियों का पलायन चिंताजनक



संदीप शर्मा
एडीटर

महानगर के हालात कानून व्यवस्था के हिसाब से इतने खराब हो चुके हैं कि पुलिस के अफसरों की गाड़ियां भी चोरी होने लगी है। गत दिवस वीआईपी इलाके में पुलिस अफसर की बाइक चोरी कर ली गई। इस मामले में पुलिस को गंभीरता से कार्रवाई करनी होगी कि आखिर अपराधिक तत्व क्यों बेखौफ हो चुके हैं। अगर पुलिस ही अपराधियों का शिकार बनने लगे तो आम लोगों का क्या हाल होगा, इस बारे में पुलिस प्रशासन को सोचने की जरूरत है।

अपने इलाके की जनसमस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नम्बर पर संपर्क करें - 9882000619, 9818884612

# 68वां राम नाम अखंड जप महायज्ञ का समारोह हर्षउल्लास में सम्पन्न





लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। अमृतवाणी सत्संग, श्रीराम शरणम के प्रमुख संत अश्वनी बेदी जी महाराज की अध्यक्षता में इक्कीस दिवसीय 68वां राम नाम अखंड जप महायज्ञ का समापन समारोह स्थानीय लड़को के आर्य कालेज में हर्षउल्लास में सम्पन्न हुआ। भव्य दरबार में इक्कीस दिन रात्रि से प्रज्वलित पवित्र ज्योति की स्थापना संत बेदी जी के करकमलों द्वारा हुई। अमृतवाणी का पाठ संयम भल्ला , आशिमा बेदी , श्रुति थापर , बहार प्रकाश ने करवाया।

मनोमोहक भजन माँ रेखा बेदी जी ने गाए ₹ राम नाम लो लागी व अपने पथ पर आप चलाओ समर बेदी वि आयुष चौधरी ने गाए और राम नाम की गूंज से उपस्थित जन समूह भाव विभोर हुआ।

संत अश्वनी बेदी जी ने विशाल जन समूह को सम्बोधन करते हुए कहा कि परम पूज्य श्री स्वामी सत्यनन्द जी महाराज ने हमें मार्ग दिखाया है कि ,

**जितने कर्तव्य कर्म कलाप , करिये राम राम कर जाप**

राम नाम सब प्रकार से सुख देने वाला है। राम नाम शांति और सहारा प्रदान करता है। संत बेदी जी ने कहा कि श्री ही सारे संसार का स्वामी है। वह परम आत्मा है। श्री राम सर्वदा,सर्वत्र ,प्रत्येक स्थान पर संग रहने वाले हैं। भगवान श्री चंद्र जी महाराज की गीता के छठे अध्याय में घोषणा है₹जो आत्मज्ञानी योगी सर्वत्र मुझको देखता है और सारे विश्व को मुझमें देखता है , अपनी कृपा दृष्टि से उसको मै दूर नही करता और अपने निश्चय , विश्वास के नेत्रों से वह मुझे ओझल नही करता है। संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने कहा कि भगवान तो सदा अपने भक्त के साथ रहते हैं। भंयकर प्रकार के दुख कष्ट क्लेश से अपने भक्त की रक्षा करते है और भक्त के कार्य को भगवान आप ही पूरा कर देते हैं। इसलिए श्री भगवान के भक्त बनो। अपनी धारणा बनाओ कि परम पुरुष श्री राम मेरे समीप है,मैं अकेला नही हूँ, मेरा राम मेरे अंग संग है। वह ही मेरी सहायता करता है और सुंदर प्रकार से मेरी रक्षा करता है। श्री राम कृपा से वह हमारे कर्तव्य कर्म अवश्य पूर्ण होंगे। संत बेदी जी ने कहा राम नाम हो सदा सहायक ,राम नाम सर्व सुख दायक। श्री गुरुवाणी में से उन्होंने गाया,

**सभ सुख दाता रामु है, दुसर नाहि कोये**

उन्होंने बल दिया कि सभी प्रकार के सुखों को देने वाले श्री राम ही है। इसलिए जो सुख को चाहे सदा, शरण राम की ले। अपने प्रवचन में उन्होंने अमृतवाणी,श्री गुरु ग्रंथ साहब, भक्ति प्रकाश,गीता,श्री रामायण आदि ग्रंथो का वर्णन किया और जन समाज के मंगल और कल्याण के लिए देव द्वार में प्रार्थना की।

## डीएमसी के पूर्व छात्रों की बैठक 2022 लम्हे द नोस्टैल्जिक इंप्रिंट्स का आयोजन




लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। वार्षिक डीएमसी पूर्व छात्रों की बैठक 2022 लम्हे द नोस्टैल्जिक इंप्रिंट्स का आयोजन होटल निर्वाण में किया गया। जिसमें डीएमसीएच के 300 से अधिक पूर्व छात्रों ने भाग लिया। इसकी शुरूआत डुमरा ऑडिटोरियम में डॉ वीके शर्मा, प्रोफेसर और हेड स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च और पूर्व एचओडी, डमेटीलॉजी एम्स, नई दिल्ली द्वारा दुर्दमताओं और संयोजी ऊतक रोग में त्वचीय अभिव्यक्तियों पर आयोजित अतिथि व्याख्यान के साथ हुई। स्वर्ण जयंती और रजत जयंती बैचों के लिए डीएमसी कॉलेज परिसर में एक अभिनंदन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस वर्ष स्वर्ण जयंती बैच 1970 से 1972 और रजत जयंती बैच 1995 से 1997 ने बैठक में भाग लिया। डीएमसीएच प्रबंध समिति के सचिव प्रेम कुमार गुप्ता इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ संदीप पुरी, वाइस प्रिंसिपल डॉ जीएस वांडर, डीन एकेडमिक्स डॉ संदीप कौशल और चिकित्सा अधीक्षक डॉ अश्विनी के चौधरी, डॉ बिशव मोहन और डॉ संदीप शर्मा भी शामिल थे।

# सुभाष नगर में मनाया गया क्रिसमिस का त्योहार



लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। हमें सभी धर्मो का सम्मान करना चाहिए और भाईचारे के आधार पर सभी धर्मो के त्योहार मनाना चाहिए। इससे हमारी बिरादरी को ताकत मिलती है, साथ ही हमारे राज्य और देश का नाम रोशन होता है। यह शब्द विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने कहा। पूर्वी हलके के विधायक दलजीत ग्रेवाल रविवार को सुभाष नगर में आयोजित किए गए क्रिसमिस के समारोह में शामिल हुए। जहां विधायक ने सभी शहर वासियों को क्रिसमस की बधाई दी और कहा कि हमारे प्रदेश को गुरु पीरों की धरती कहा जाता है। इसी के चलते धरती पर हमेशा गुरु पीरों की कृपा रही है। भोला ने कहा कि हम सभी को उनके द्वारा दी गई कुर्बानियों को याद करते हुए हमेशा सच्चाई की राह पर चलना चाहिए। इस मौके पर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर, रविंदर राजू चौधरी, चमनलाल, अवतार देओल, अमरजीत, सब्बी सेखों, जगदेव सिंह गिल मौजूद थे।

## एनआईए ने क्रास बार्डर नशा तसकरी रोकथाम के लिये 14 ठिकानों पर दी दबिश



अमृतसर/लुधियाना यूटर्न 25 दिसंबर: नार्को टैरिज्जम की रोथाम के लिये देश की सबसे बडी जांच ऐजंसी एनआईए ने उत्तर भारत के 14 ठिकानों पर दब्शि दी। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर के अलावा टीमों ने अमृसतर, फिरोजपुर, तरनतारन में भी छापेमारी की गई, लेकिन इसी दौरान एक टीम अमृतसर केंद्रीय सुधार गृह तक भी पहुंची। यह पहला मौका है जब टीम ने पंजाब की जेलों का रुख किया है। टीम शाम केंद्रीय सुधार गृह पहुंची टीम की सर्च रात 10 बजे तक जारी रही। इस दौरान किसी अधिकारी को जेल के अंदर न फोन उठाने की अनुमति थी और न ही बाहर जाने की। कुछ नशा तस्करों व गैंगस्टरों की तलाशी ली गई और पूछताछ की गई।

## खुद को शिकंजे में फंसता देख पूर्व विधायक बेटे सहित विदेश फरार

लुधियाना यूटर्न 25 दिसंबर: पत्रकार को प्रताडित करने व उसके द्वारा आत्महत्या किये जाने के बाद खुद को कानूनी शिकंजे में फंसता देख पूर्व कांग्रसी विधायक हरदयाल सिंह कंबोल अपने बेटे निर्भय सिंह मिल्टी के साथ विदेश भाग गया है। बाप बेटा पंजाब में अवैध शराब की फैक्ट्रियों से चर्चा में बने रहे थे। दोनों पर राजपुरा निवासी पत्रकार रमेश शर्मा को खुदकुशी के लिए मजबूर करने का आरोप है। इस मामले में आरोपी हरदयाल ने बीते दिनों अपने वकील के जरिए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी। लेकिन सुनवाई से पहले ही याचिका को वापस ले लिया था। केस के अन्य आरोपी भूपिंदर सैणी की मामले में संलिप्तता की पुलिस जांच जारी है। इनके अलावा आरोपी संजीव और मुकेश फिलहाल फरार हैं। थाना राजपुरा सिटी के प्रभारी ने बताया कि संजीव और मुकेश के खिलाफ वारंट की कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद उन्हें भगौड़ा घोषित कराने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।



**हरदयाल कंबोज का जारी किया था एलओसी**

गृह विभाग के ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन द्वारा आरोपी हरदयाल कंबोज के खिलाफ एसओसी जारी किया गया था। लेकिन आरोपी इससे पहले ही अपने बेटे के साथ विदेश फरार हो चुका था। जबकि अन्य आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस प्रयासों में जुटी रही।

**खुदकुशी से पहले सुसाइड नोट लिख बनाई वीडियो**

खुदकुशी से पहले रमेश शर्मा ने अपना दुख बयान करते हुए वीडियो बनाई थी। साथ ही एक सुसाइड नोट भी लिखा था। इसमें मुख्य आरोपी हरदयाल सिंह कंबोज और उसका बेटा निर्भय सिंह मिलिट्री व कुछ वकील, स्वतंत्रता सेनानी और डॉक्टरों के नाम हैं। थाना सिटी राजपुरा पुलिस ने रमेश की पत्नी के बयानों पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। साथ ही वीडियो और सुसाइड नोट को भी कब्जे में लिया था।

## घरेलू कलह बनी जी का जंजाल,पूरा परिवार चढा भेंट



मोहाली/लुधियाना यूटर्न 25 दिसंबर: घरूेलू कलह के कारण कितने घर बर्बाद हो जाते है व चंद सैकिंड का गुस्सा किस तरह पूरे परिवार को निगल जाता है,इसका ताजा प्रमाण उस समय देखने को मिला जब मोहाली में एक परिवार के तीन लोगों ने जहर निगल कर खुदकुशी कर ली। शुरूआती पुलिस जांच के अनुसार पूरे परिवार ने घरेलू झगड़े से तंग आकर जान दी। मृतकों की पहचान रिटायर्ड एसडीओ सुरिंदर शर्मा (55), उनकी पत्नी अंजना शर्मा (50) और बेटे पुलकित शर्मा (25) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुरिंदर शर्मा हरियाणा बिजली बोर्ड से एसडीओ के पद से रिटायर्ड हुए थे। फिलहाल वह केमिकल का बिजनेस कर रहे थे। बेटा पुलकित भी प्राइवेट नौकरी कर रहा था। स्थानीय थाना प्रभारी मनदीप सिंह ने बताया कि सुरिंदर शर्मा का पोस्टमार्टम शनिवार को किया गया है, लेकिन उनकी पत्नी और बेटे का पोस्टमार्टम रविवार को किया जाना है। तीनों शव सिविल अस्पताल की मॉर्चरी में रखे गए हैं। पुलिस पूछताछ में पता लगा कि सुबह पहले सुरिंदर शर्मा ने जहरीला केमिकल निगल लिया। इसके बाद मां-बेटा इलाज के लिए उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरी जांच में उन्हें मृत घोषित किया गया।

## सिंचाई घोटाला में विजिलेंस ने पूर्व मंत्री सेखों को समन किए जारी



चंडीगढ़/यूटर्न/25 दिसंबर। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने अकाली-भाजपा गठबंधन की सरकार में मंत्री रहे जनमेजा सिंह सेखों को सिंचाई घोटाले के मामले में दोबारा समन जारी किए है। सूत्रों के अनुसार, जांच टीम ने समन जारी कर उन्हें 30 दिसंबर को पेश होने को कहा है। इससे पहले भी सेखों को रिटायर्ड आईएएस सर्वेश कौशल, केबीएस सिद्धू, केएस पन्नू और पूर्व मंत्री एसएस ढिल्लों के साथ समन जारी किया गया था। पंजाब में कांग्रेस से कैप्टन अमरिंदर सिंह की सरकार के समय सामने आए इस घोटाले में तीन रिटायर्ड आईएएस अधिकारी सर्वेश कौशल, केबीएस सिद्धू और केएस पन्नू की संलिप्तता का पता लगाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

## इस्कॉन गौर निताई शोभायात्रा में शहर के विभिन्न संकीर्तन मंडल करेंगे भगवान का गुणगानः पंकिश अग्रवाल

### श्री अतुल कृष्ण गोस्वामी महाराज सेवा संस्थान ,एकादशी सेवा परिवार ने शोभायात्रा में संकीर्तन करने हेतु ली सेवा





लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। इस्कॉन संस्थापकचार्य कृष्ण कृपामूर्ति ए.सी भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद जी की प्रेरणा से इस्कॉन (जनपथ) लुधियाना व श्री श्री गौर निताई शोभायात्रा महोत्सव कमेटी के सहयोग से 15 जनवरी को श्री श्री गौर निताई की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है! यात्रा संबंधी जानकारी देते हुए कमेटी के उपाध्यक्ष पंकिश अग्रवाल, पुनीत बंसल, दिनेश जैन ने बताया कि ये शोभा यात्रा दोपहर 12बजे प्राचीन गौशाला डिवीजन नंबर तीन से आरंभ होकर बाबा थान सिंह चौक, शिंगार सिनेमा रोड, समराला चौक, गुरु अर्जुन देव नगर से होती हुई सेक्टर 32 में बीसीएम स्कूल के आगे विशाल पंडाल में महा आरती के साथ संपन्न होगी। कमेटी पदाधिकारियों ने आगे बताया कि महा नगर में पहली बार निकल रही श्री श्री गौर निताई जी की शोभा यात्रा को लेकर संकीर्तन मंडलो में भारी उत्साह पाया जा रहा है। सभी संकीर्तन मंडल सामूहिक रुप में भाग लेकर शोभा यात्रा में हरिनाम संकीर्तन व भगवान के दिव्य नामों का उच्चारण करते हुए चलेंगे। चेयरमैन योगेश गुप्ता, महासचिव अलोक सोनू अजमानी, कोषाध्यक्ष सौरभ गर्ग के संयोजकत्व में श्री अतुल कृष्ण गोस्वामी महाराज सेवा संस्थान के सदस्यों को शोभा यात्रा का निमंत्रण पत्र दिया गया। निमंत्रण पत्र लेते हुए संस्थान के सोमनाथ मल्होत्रा,सुभाष ग्रोवर,सुरेश कपूर,सोहन लाल, नरेंद्र सरीन, पंकज कुमार, विजेंद्र गुप्ता, अनंत गुप्ता आनंद गुप्ता ने बताया कि शोभा यात्रा में सस्थांन के सभी सदस्य केसरिया पगड़िया पहनकर श्री गौर निताई रथ के आगे हरि नाम संकीर्तन की गंगा बहाते हुए चलेंगे। शोभा यात्रा को लेकर उपाध्यक्ष दिनेश जैन, किशोर मेहता के संयोजकत्व में एकादशी सेवा परिवार के साथ मीटिंग की गई। जिसमे एकादशी सेवा परिवार के सुभाष बिश्नोई, महावीर सिंह जागर,सुरिंदर शर्मा, देवीदत शर्मा, जसराज चंदन, तिवारी, राकेश सोबती, राजकुमार शर्मा, राजकुमार वासन, राम लुभाया खेर, सतपाल बहल, राकेश शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, पविश कुमार, पवन शर्मा ने भाग लिया।

## चाइना डोर बेचने पर इरादा कत्ल की धारा के तहत हो कारवाईःअशोक थापर



लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। शहीद सुखदेव थापर मैमोरयल ट्रस्ट ने थाना टिब्बा रोड पुलिस की तरफ से प्लास्टिक डोर बेचने वालो पर आईपीसी की धारा 188 के साथ साथ वाइल्ड एनिमल एक्ट की गैर जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज करने की प्रंशसा की है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की तरफ से मुख्यमंत्री भगवंत मान व डीजीपी पंजाब गौरव यादव को इस बाबत पत्र लिखा था। उसी पत्र पर गौर करते हुए पुलिस प्रशासन ने उक्त धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष व शहीद सुखदेव थापर के वंशज अशोक थापर ने चाइना डोर को केवल बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए ही नहीं बल्कि मानव जीवन के लिए भी जानलेवा बताता। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन वाइल्ड एक्ट के साथ-साथ पाबंदीशुदा डोर बेचने वाले लोगों पर इरादा कत्ल की धारा आईपीसी की धारा 307 और कानून में शामिल तस्करी की धाराओं के तहत भी मामले दर्ज करें जेल पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सैकड़ों लोग इस डोर की चपेट में चुके है। जिसमें कइयों की जान चली गई, तो कुछ के शारीरिक अंग तक खराब हो गए। उन्होंने कहा कि डोर खरीदने व बेचने वालों के साथ डोर का निर्माण करने वालों पर भी इरादा कत्ल का मामला दर्ज किया जाए।

# अब क्यों पछताएं जब चिड़ियां चुग गई खेत, पंजाब सरकार के साथ न हो ऐसे हालात

लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। पंजाब सरकार की गलत पॉलिसियां व खराब लॉ एंड ऑर्डर के कारण राज्य की बायसाइकिल समेत अन्य इंडस्ट्री के हालात लगातार खराब होते जा रहे है। जिस कारण कोरपोरेट घराने, बड़ी कंपनियां व इंडस्ट्रियां पलायन कर दूसरी स्टेटों में जा रही है। लेकिन अगर पंजाब में यही हालात रहे तो आने वाले एक साल में राज्य की हर इंडस्ट्री दूसरी स्टेट में शिफ्ट हो जाएगी। जिसके चलते बाद में पशतावा करने की जगह आज ही राज्य की आम आदमी पार्टी की सरकार को इस पर ध्यान देना होगा। नहीं तो कल को फिर यहीं कहावत होगी कि अब क्यों पछताएं जब चिड़ियां चुग गई खेत। यह कहना है बाय साइकिल इंडस्ट्री कारोबारी व यूसीपीएमए के पूर्व प्रधान चरणजीत सिंह विश्वकर्मा का। चरणजीत विश्वकर्मा ने कहा कि पंजाब सरकार की इंडस्ट्री प्रति पॉलिसिया व यहां की कानून व्यवस्था इतनी खराब हो चुकी है कि कारोबार करना मुश्किल हो रहा है। बाहर से व्यापारियों ने डर कर आना बंद कर दिया है। हालांकि पहले सस्ती बिजली व कानून व्यवस्था ठीक थी। लेकिन आप सरकार के आने के बाद व्यापारियों को फिरौती की कॉल आना, हत्याएं व गैंगस्टरों की धमकियों से माहौल खराब हो चुका है।

**यूपी सरकार मशीनरी-प्लांट पर सबसिडी, जीएसटी पर दे रही बड़ी राहत**

चरणजीत सिंह विश्वकर्मा ने कहा कि पिछले दिनों कोरपोरेट घरानों ने यूपी सरकार से मीटिंग कर वहां इंडस्ट्री लगाने का प्लान किया है। क्योंकि वहां सरकार इंडस्ट्री को मशीनरी व प्लांट पर 30 प्रतिशत सबसिडी दे रही है। वहीं जीएसटी पर 8-9 साल तक राहत देगी। जिसमें जीएसटी 9 प्रतिशत ही



लगेगी। वहीं स्टैप ड्युटी पर बड़ी राहत होगी। इसी के साथ सिंगल विंडो है, जिसमें एक दिन में हर कार्य पूरा होगा। अब ऐसी सुविधाओं मिले तो कौन वहां जाकर कारोबार नहीं करेगा। जबकि पंजाब में उससे उल्ट है। पहले तो कोई सबसिडी नहीं। ठोककर जीएसटी हर चीज पर लगता है। विश्वकर्मा ने कहा कि राज्य की इंडस्ट्री को जम्मू कशमीर सरकार की और से 75 हजार करोड़ का पैकेज दिया जा रहा है। ताकि वहां पर इंडस्ट्री लगाई जाए।अब ऐसे



में जहां अच्छी सहुलियत होगी, वहीं पर व्यापारी जाकर काम करेगा।

**यूपी सुधरा, तो पंजाब के हालात हुए खराब**

विश्वकर्मा ने कहा कि किसी समय यूपी में सबसे ज्यादा कानून व्यवस्था खराब थी। जिस कारण वहां की इंडस्ट्री पंजाब में आई। लेकिन अब वहां पर अच्छी कानूनी व्यवस्था है, जबकि उसके उल्ट पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर ऐसे है कि अब खुद ही डर लगता है कि कब क्या हो जाए। उन्होंने कहा कि यूपी में इंडस्ट्रियां लगने पर लेबर पंजाब में आना बंद कर देगी। जबकि पंजाब की लेबर पहले ही विदेशों में जाकर काम करने लगी है। ऐसे में वहीं जाकर कारोबार करना सही रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि साइकिल इंडस्ट्री वहां पर गई तो जल्द उन्हें भी शिफ्ट होना पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि अकेला यूपी ही इंडिया की 40 प्रतिशत साइकिल मार्केट का शेयर रखता है। अगर वहां साइकिल इंडस्ट्री जाएगी तो स्टील समेत अन्य सामान सस्ता मिलेगा, लेबर सस्ती होगी। जिससे साइकिल भी कम रेट पर रखकर आसानी से बेचे जा सकेगें।

**पंजाब सरकार का साइकिल टेंडर विवादों के घेरे में**

वहीं चरणजीत विश्वकर्मा ने कहा कि पंजाब में पहले ही इंडस्ट्री टेंडरों पर आधारित रह गई है। अगर टेंडर आए तो वह सरकार अपनी कुछ चुनिंदा कंपनियों को अलॉट करवा देती है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में एक बायसाइकिल टेंडर आया था। जिसमें जानबुझकर शर्तें ऐसी रखी कि कोई उसे ले ही न सके और वे सिर्फ बड़ी कंपनियों की झोली में जाए। उस टेंडर को लेने के लिए किसी भी फर्म को तीन साल में 32 लाख साइकिल मैन्युफैक्करिंग किए हो, एक लाख साइकिल सप्लाई किया हो और सलाना 500 करोड़ की टर्नओवर हो जैसी शर्तें थी। चरणजीत विश्वकर्मा ने कहा कि अब जो इंडस्ट्री ही एमएसएमई है, वे इतनी मैन्युफैक्करिंग व साइकिल कहां से बेच देगी। जबकि इतनी टर्नओवर छोटी इंडस्ट्री की नहीं हो सकती। जिसके चलते वह टेंडर सिर्फ बड़ी कंपनियों के पास गया। अब ऐसे पक्षपात होगा, तो इंडस्ट्री कैसे चल सकेगी। जबकि सरकार की पॉलिसी है कि कोई भी टेंडर आने पर 20 प्रतिशत हिस्सा एमएसएमई का होता है। फिर भी उन्हें हिस्सा नहीं मिलता। सरकार पहले अपनी पॉलिसियां बदले, तभी इंडस्ट्री टिक सकेगी।







लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। लुधियाना में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया, समस्त चर्चों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया, चर्चों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन।

# ड्रोन के जरिये सरहद पार से मंगवाई 70 करोड की हैरोइन सहित दो काबू

अमृतसर/लुधियाना यूटर्न 25 दिसंबरः सरहद पार पाकिसतान से ड्रोन के जरिये हैरोइन की खेप मंगवाने वाले दो तसकरों को पंजाब पुलिस ने गिरफतार किया है। अमृतसर देहात पुलिस ने इस सबंध में एक ड्रोन के साथ साथ 70 करोड की हैरोइन बरामद कर ली है जो पंजाब के विभिन्न जगहों पर तसकरों व गैंगस्टरों को सपलाई की जानी थी। पंजाब पुलिस ने एक महीने में पांचवां ड्रोन जब्त करने में सफलता हासिल की है।

अमृतसर रूरल पुलिस को यह सफलता लुधियाना एसटएफ के स्पेशल ऑपरेशन के अगले दिन मिली है। गिरफतार किए गए तस्करों की पहचान दलबीर और जगदीश के



रूप में हुई है। दोनों अमृतसर के घरिंडा के निवासी हैं और पिछले तीन सालों से अमृतसर क्षेत्र में सक्रिय थे। उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि यूएसए निर्मित परिष्कृत ड्रोन तस्करों के पास से बरामद किया गया है, यह एक डीजेआई श्रृंखला का ड्रोन है, जिसकी कीमत 20 लाख रुपए है। जिसमें लंबे समय तक चलने वाली बैटरी बैकअप और इन्फ्रारेड-आधारित नाइट विजन कैमरा सहित हाई-टेक विशेषताएं हैं।

**यूपी में भी नेटवर्क**

अमृतसर रूरल पुलिस ने ड्रग तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है, जो ड्रोन का उपयोग करके सीमा पार से हेरोइन मंगवाते थे। यह इस खेप को पंजाब के अलावा हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में भिजवा रहे थे। एसएसपी अमृतसर स्वप्न शर्मा ने कहा कि दोनों तस्करों ने उत्तर भारत व यूपी में अपना नेटवर्क फैला रखा है। अमृतसर रूरल इस समय हरियाणा और दिल्ली में 12 स्थानों पर छापेमारी कर रही है। जल्द और रिकवरी भी हो सकती है।

# लावारिस लाश बताकर करवा दिया संस्कार

गुरदासपुर यूटर्न 25 दिसंबरः सिल अस्पतालों में किस किस प्रकार की गलतियां हो रही हे,इसका प्रमाण तब मिला जब किसी का शव को लावारिस बातकर उसका अस्पताल वालों ने अंतिम संसकार करवा दिया,अब जब मृतक के परिवार वालों को इसका पता चला तो वह रोश प्रर्दशन कर इंसाफ मांग रहे है कि हमें हमारे मृतक रिशतेदार का शव वापिस दिलाया जाये,जिस कारण स्थिति विक्ट बनी हुई है और अस्पताल वालों ने अपनी जीभा को ताला लगाकर चुप्पी धारण कर ली है। यह घटना



गुरदासपुर में सिविल अस्पताल की लापरवाही से मोर्चरी में एक्सीडेंट के बाद रखी लाश को रेलवे लाइनों से मिली लावारिस लाश बताकर संस्कार कर दिया गया। पोस्टमॉर्टम के लिए पहुंचे परिवार को जब लाश नहीं मिली तो उन्होंने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया है। वहीं अपनी गलती के बाद सिविल अस्पताल प्रशासन मौन हो गया है। घटना गुरदासपुर में बटाला के सिविल अस्पताल की है। शनिवार शाम गांव घसीटपुर के सुखविंदर सिंह की सडक दुर्घटना में मौत हो गई थी। उन्हें शनिवार देर शाम किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसके बाद उसके शव को सिविल अस्पताल में रखवा दिया गया ताकि रविवार को पोस्टमॉर्टम करवाया जा सके, लेकिन रविवार सुबह जब परिवार व पुलिस पोस्टमॉर्टम प्रक्रिया के लिए पहुंचे तो मोर्चरी में शव नहीं था।

# पूर्व पीएम वाजपेयी ने राष्ट्र हित को सर्वोपरि रख ही बिताया राजनितिक जीवन - जतिन्द्र मितल

लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। जिला भाजपा कैलाश नगर मंडल की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन वार्ड 5 में पूर्व पार्षद वरिन्द्र सहगल के कार्यलय में मनाया। मंडल अध्यक्ष लक्की शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पंजाब भाजपा कार्यकारणी सदस्य व जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जतिन्द्र मितल विशेष तौर पर उपस्थित हुए। इस दौरान जतिन्द्र मितल ने तुलसी के पौधे बांटकर उपस्थित जनसमूह को भाजपा के संस्थापक सदस्यों में शुमार रहे अटल बिहारी के जीवन पर आधारित मुख्य बिंदुओ की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओ व स्थानीय लोगो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से वर्चुअल तौर पर प्रस्तुत की मन की बात ध्यान से सुनी। जतिन्द्र मितल ने अटल बिहारी के आम आदमी से प्रधानमंत्री पद पर पहुंचने तक उनके राजनितिक जीवन का जिक्र करते हुए राष्ट्रवाद के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर रमन शर्मा, गणेश दत्त, मंजीत कौर, हरिंदर ठाकुर, अजय गोसाई, सनी सहगल, अश्वनी मल्होत्रा, राम चरन मौजूद थे।

# कमोडिटी ट्रेडिंग व स्टील फॉरवर्ड ट्रेडिंग पर अवेयरनेस व इंटरैक्टिव सेशन का किया आयोजन




लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। एसोसिएशन ऑफ फोकल प्वाइंट इंडस्ट्रिज ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के साथ कमोडिटी ट्रेडिंग और स्टील फॉरवर्ड ट्रेडिंग पर जागरूकता और इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया। बीएसई के निदेशक मी पिनाकिन और सागर सिधपुरा ने स्टील के कमोडिटी और फ्यूचर ट्रेडिंग पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इस दौरान ईस्टमैन ग्रुप के प्रबंध निदेशक राकेश सिंघल और एलएसई के पूर्व निदेशक डॉ. प्रेम कुमार ने स्टॉक एक्सचेंज के अपने अनुभव सांझा किए। वहीं इस मौके पर प्राइम स्टील्स के देवकर जैन और लोकेश जैन ने स्टील फ्यूचर ट्रेडिंग और इससे लाभ उठाने संबंधी टिप्स बताए। एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने स्टील की कीमतों में तेजी से उतार-चढ़ाव के कारण उद्योग के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में जागरुक किया। समारोह में संजीव गुप्ता, संजय गुप्ता, विनीत गुप्ता, अनिल गुप्ता, भूषण गुप्ता, रजनीश शर्मा, सीपी शर्मा मुख्य रुप से शामिल हुए।

# भारी सुरक्षा इंतजाम के बवजुड़व एडिशनल एसएचओ की सतलुज क्लब के बाहर से बाइक चोरी, खुद लिखी शिकायत

लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। महानगर में लगातार चोरी की वारदातें हो रही है। पुलिस है कि उन्हें कंट्रोल करने में नाकामयाब साबित हो रही है। हालत यह है कि अब तो बदमाशों द्वारा पुलिस के साथ ही वारदातें करनी शुरू कर दी है। जिसकी ताजा वारदात शनिवार को हुई। सतलुज क्लब के बाहर एडिशनल एसएचओ की बाइक को चोरों ने चोरी कर लिया। उक्त मुलाजिम क्लब के चुनाव में ड्यूटी लगी थी। डयूटी खत्म कर रात को जब वह बाहर आए तो उनका स्पलेंडर बाइक चोरी हो चुका था। उन्होंने बाइक की काफी तालाश की, लेकिन कही कुछ पता नहीं चल पाया।

जानकारी के एडिशनल एसएचओ गुरदेव सिंह कैलाश चौकी में तैनात है। गुरदेव सिंह ने कहा कि शनिवार सुबह 8 बजे वह चुनाव की ड्यूटी करने क्लब गए थे।



बाहर बाइक लगाई, लेकिन जब वापस आए तो देखा बाइक चोरी हो चुका था। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है।

**खुद ही लिखी अपनी शिकायत**

दरअसल एडिशनल एसएचओ गुरदेव सिंह कैलाश चौकी में तैनात है। वारदात स्थल भी उसी चौकी के अधीन आता है। जिसके चलते जब गुरदेव सिंह ने चौकी कैलाश नगर फोन किया और मुंशी से कहा कि अपना मोटरसाइकिल सतलुज क्लब के बाहर चोरी हो गया। लेकिन अधिकारी होने के नाते उन्हें खुद ही अपनी शिकायत लिखनी पड़ी।



**भारी सुरक्षा में भी चोरी, आए दिन हो रही वारदातें**

बता दे कि सतलुज क्लब में शनिवार को इलेक्शन थे। जिसके चलते वहाँभारी सुरक्षा इंतजाम किए हुए थे। लेकिन उसके बावजूद चोर वारदात कर भाग निकले। जबकि इलाके के लोगों ने बताया कि क्लब के बाहर आए चोरियाँ होती है। लेकिन पुलिस कोई ऐक्शन नही लेती। अब जब सुरक्षा इंतजाम के बीच मुलाजिम की बाइक चोरी हुई है तो पुलिस विभाग को पता चल जाएगा कि उनके इंतजाम कितने कड़े है।

## गुस्ताखी माफ...

अभी अधूरे हैं पड़े, पिछले सौ ऐलान।
एक और वादा नया, कर आये श्री मान।
कर आये श्री मान, मिलेगी बस की सुविधा।
कैसे पैसे बिना, चलेगी बस यह दुविधा।
कह साहिल कविराय, कभी तो होंगे पूरे।
पिछले सौ ऐलान, पड़े हैं अभी अधूरे।
प्रस्तुति ---- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# सीएम हेल्पलाइन पर फैसला सोमवार को

## जयराम सरकार के फैसले को लेकर सुक्खू सरकार ने बुलाई आईटी महकमे की मीटिंग

शिमला/यूटर्न/25 दिसंबर। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सोमवार को एक अहम बैठक करेंगे। जिसमें पिछली जयराम सरकार के आखिरी 8 महीनों में खुले दफ्तरों को बंद करने या नहीं करने को लेकर फैसला होगा।

पिछली भाजपा सरकार के दौरान मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन शुरू की गई थी। इसे लेकर मौजूदा कांग्रेस सरकार के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आईटी महकमे के साथ मीटिंग के दौरान समीक्षा करने का फैसला किया है। इस दौरान पिछली जयराम सरकार की जनहितकारी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। यहां गौरतलब है कि सीएम रहते हुए जयराम ठाकुर ने सितंबर, 2019 में मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन शुरू की थी। अब तक इस हेल्पलाइन के तहत लगभग 500000 शिकायतें आ चुकी हैं और इनमें से करीब 70 फ़ीसदी का निपटारा कर दिया गया है। हेल्पलाइन को चलाने के लिए लगभग 100 लोगों को आउट सोर्स के जरिए तैनात किया गया था। मौजूदा कांग्रेस सरकार कारपोरेशन के जरिए आउट सोर्स पर रखे गए 12 लोगों को हटा चुकी है। जबकि आईटी के तहत ही माईगव पोर्टल पर रखे गए 8 लोग भी हटा दिए हैं। मौजूदा मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हैल्पलाइन को लेकर फैसला करेंगे।





## आईआईएफटी इंस्टीट्यूट ने क्रिसमस डे केयर होम रेडक्रॉस सोसाइटी के सीनियर सिटीजंस के साथ मनाया



लुधियना/यूटर्न/25 दिसंबर। लुधियाना में आईआईएफटी इंस्टीट्यूट ने क्रिसमस डे केयर होम रेडक्रॉस सोसाइटी के सीनियर सिटीजंस के साथ मनाया गया। उनके द्वारा इनके साथ हर साल मनाया जाता है। कभी-कभी, हम उत्सव सेलिब्रेशन पर्व में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि हम उन बुजुर्गों के बारे में भूल जाते हैं, जिन्हें हमारे प्यार और विशेष देखभाल की जरूरत होती है। इसलिए स्टूडेंट्स ने सीनियर सिटीजंस के लिए क्रिसमस यादगार बनाया। आईआईएफटी परिसर और लॉन को भी इस विशेष अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के गोल्डन एजर्स को विशेष महसूस कराने के लिए खूबसूरती से सजाया गया। आईआईएफटी के स्टूडेंट्स ने सीनियर्स के लिए बॉल पास करने, गाने, डांस करने और जलपान जैसी विभिन्न मजेदार गतिविधियां भी करवाई।डायरेक्टर गीता नागरथ ने कहा कि हमे हर त्यौहार इन सब के साथ मनाने चाहिए।ताकि इनको भी हम हर खुशी दे सके।

## दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने वाले आरोपी पर केस

फाजिल्का/यूटर्न/25 दिसंबर। खुईखेड़ा पुलिस ने दहेज के लिए विवाहित को प्रताड़ित करने वाले आरोपी पर मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी देस सिंह ने बताया कि उनको कृतिका रिणवा वासी ख्योवाली ढाब ने बयान दर्ज करवाए थे कि उसके परिजनों ने उसकी शादी निशांत चौधरी वासी घमंड वाली तहसील पदमपुर जिला गंगानगर के साथ करवाई थी, लेकिन उसके ससुराल वाले उसे दहेज के लिए परेशान करते थे। इस संबंधी उसने एक लिखित शिकायत फाजिल्का के एसएसपी को दी, जिसकी डीएसपी (डी) फाजिल्का के जांच करने के बाद मंजूरी मिलने पर पुलिस ने आरोपी पर धारा 406, 498ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## मजदूर संगठनों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर दिया धरना

पटियाला /यूटर्न/24 दिसंबर। किन्नू के बागों और नरमा-कपास की फसलों से प्रभावित खेत मजदूरों को मुआवजा दिलाने सहित गांवों की पंचायती जमीनों पर काबिज लोगों को जगह छोड़ने के नोटिस जारी करने के विरोध में मजदूर संगठनों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना दिया और ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगें शीघ्र ही पूरी करने की मांग की। बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं व खेतिहर मजदूर सबसे पहले नेहरू पार्क में एकत्रित हुए और वहां से रोष जुलूस के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां पर धरना लगाते हुए सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए कामरेड रामकुमार वर्मा ने कहा कि एक ओर तो सरकार द्वारा बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं कि किसी भी गरीब परिवार का घर नहीं उजाड़ा जाएगा और सभी को रहने के लिए स्थाई निवास दिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर गांवों में पंचायती और सरकारी जमीनों पर पिछले कई वर्षों से अपने मकान बनाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे ग्रामीणों को अबोहर प्रशासन की ओर से नोटिस जारी कर जगह खाली करने के निर्देश दिए गए। इससे लोगों में भारी रोष है। इसके अलावा कामरेड बलवीर सिंह ने कहा कि समय से पूर्व पड़ी गर्मी और बाद हुई भारी बरसात से किन्नू के बागों व नरमा-कपास की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इससे बागों और नरमा चुगाई पर निर्भर खेत मजदूर भारी आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं। इसलिए सरकार की तरफ से इन मजदूरों को 40 रुपए प्रति परिवार मुआवजा जारी किया जाए। वहीं प्रशासन के ग्रामीणों को जारी किए गए नोटिस तुरंत वापस लिए जाएं। धरने को भालाराम, जसकरण जोधपुर, रानी प्रधान, लक्ष्मा रानी, शारदा देवी, गुरबाज सिंह, कालूराम तथा पिरथीराम बजीदपुर आदि ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन ने उनकी मांगों को शीघ्र ही पूरा नहीं किया तो उन्हें संघर्ष और तेज करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## फिरौती मांगने वाले दोनों आरोपियों को 24 घंटे में किया गिरफ्तार





अमृतसर /यूटर्न/25 दिसंबर। मजीठा रोड इलाके के कारोबारी से 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले दोनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एक आरोपी को शुक्रवार देर रात एयरपोर्ट रोड पर हुए मुकाबले के बाद गिरफ्तार किया, जबकि मौके से फरार होने वाले दूसरे आरोपी को पुलिस ने पीछा करने के बाद शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के कब्जे से 32 बोर के पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। गैंगस्टरों के साथ हुए मुकाबले में एससीपी नार्थ वरिंदर सिंह खोसा के रीडर हवलदार की टांग में गोली लग गई। पुलिस कमिश्नर जसकरण सिंह ने शनिवार को यह जानकारी पुलिस लाइन के कांफ्रेंस हाल में दी। पुलिस कमिश्नर सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुमटाला बाईपास स्थित चर्च वाली गली किरण कालोनी निवासी अमर कुमार उर्फ भूंडा पुत्र राज कुमार और मूल रूप से तुंग बाला मजीठा रोड स्थित किरपाल कालोनी व हाल में मजीठा रोड स्थित 88 फुट रोड निवासी अजय पहलवान उर्फ अजय बाउंसर पुत्र बलकार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी बाउंसर पहले किसी संस्थान में बाउंसर के रूप में काम कर चुका है। उन्होंने बताया कि आरोपी भूंडा को तो मुकाबले के दौरान ही गिरफ्तार कर लिया गया जबकि बाउंसर वहां से निकल भागा।


# सराभा लेडीज क्लब में क्रिसमस और न्यू ईयर का जश्न मनाया












लुधियाना /यूटर्न/25 दिसंबर। लुधियाना में सराभा लेडीज क्लब की ओर से कॉफी सेशन का अयोजन किया गया। इसमें क्लब मेंबर्स ने खूब एन्जॉय किया। डायरेक्टर शम्मी बिंद्रा ने बताया कि सराभा क्लब हमेशा हर त्योहार मिल-जुलकर मनाता है। उन्होंने इस प्रोग्राम की शुरुआत छोटे चार साहिबजादों की शहादत को याद करके शब्द गुरबाणी का पाठ किया और उनको याद कर कुछ देर मौन रहकर छोटे साहिबजादों को श्रद्धांजलि दी।उसके बाद न्यू ईयर ओर क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन किया।क्लब के प्रोग्राम में सैंटा क्लॉज भी आया। उन्होंने सभी टेबल्स पर गिफ्ट बांटे। लकी ड्रॉ भी निकाले गए।





यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

### पंजाब विश्वविद्यालय सिंडिकेट चुनाव में सत्यपाल जैन ग्रुप ने कुलपति समर्थक ग्रुप को दी कड़ी टक्कर

# जैन और कुलपति समर्थक बराबरी पर



चंडीगढ़/यूटर्न/25 दिसंबर। पंजाब विश्वविद्यालय सिंडिकेट चुनाव में आज सत्यपाल जैन ग्रुप जिसे प्रो यूनिवर्सिटी ग्रुप भी कहा जाता है, ने कुलपति समर्थक ग्रुप को कड़ी टक्कर दी है। दोनों ही ग्रुपों को सात-सात सीटें हाथ लगी हैं जबकि एक सीट पर निर्विरोध चुन कर आए एक प्रत्याशी गुरमीत सिंह पर दोनों ही ग्रुप अपना अपना दावा कर रहे हैं। वरिष्ठ सीनेटर सत्यपाल जैन ने कहा कि उनके 7 मेंबरों ने सिंडिकेट चुनाव में जीत दर्ज की है जिसमें वरिंदर सिंह गिल उर्फ विक्की गिल, शमिंदर संधू, जतिंदर ग्रोवर, हरप्रीत दुआ, प्रवीण गोयल, संदीप और किरणदीप कौर शामिल हैं। इसी तरह से दूसरे ग्रुप, जिसे कुलपति समर्थक ग्रुप भी कहा जाता है, के देवेंद्र सिंह ने कहा कि उनके आठ सदस्य जीत कर आए हैं जिसमें आरएस झांजी, शिव डोगरा, जगतार सिंह, देवेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, लाजवंत विर्क, मुकेश अरोड़ा के नाम शामिल है, जबकि वह गुरमीत सिंह को भी अपने ही अपने ही ग्रुप का बता रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दोनों ही ग्रुप भाजपा और संघ से संबंध रखते हैं लेकिन पिछले कुछ दिनों से सत्यपाल जैन और कुलपति के बीच एक तरह का शीत युद्ध चल रहा है और लगातार एक दूसरे को निशाना बना रहे हैं। श्री जैन ने तो पिछली सिंडिकेट की बैठक में खुलेआम उन पर भ्रष्टाचार और कई मामलों में कुछ डील करने तक के आरोप लगा दिए थे जिसके बाद से उन्होंने यह ऐलान किया था कि वे सिंडीकेट के चुनाव में अपना अलग पैनल उतारेंगे। हालांकि उनका पूरा पैनल जीत नहीं पाया है फिर भी उन्होंने 7 सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि 8वें कैंडिडेट को भी वह अपने ही ग्रुप का बता रहे हैं। इसी तरह से प्रोफेसर देवेंद्र सिंह ने भी दावा किया है कि उनका ग्रुप ही बहुमत में है और उनके 8 लोग जीते हैं। इसलिए उन्हें सिंडिकेट में कोई खास परेशानी नहीं होने वाली है क्योंकि वह अपने सभी एजेंडा को बहुमत के आधार पर पास करा सकने में कामयाब रहेंगे । अब देखना यह होगा कि 30 दिसंबर को होने वाली सीनेट में किस तरह के समीकरण बनते हैं क्योंकि अभी तक अभी तक कुलपति समर्थक धड़ा हर मीटिंग में बहुमत के जोर पर सभी एजेंडा आइटम को पास करवाता आया है लेकिन अब यह पहली बार होगा कि जब एक ही विचारधारा के दो गुट तैयार हो गए हैं और उनमें सीनेट की बैठक में इस बार हल्ला होना तय है। चुनाव में एक रोचक बात यह भी देखने को मिली है कि अभी तक जिन सीनेटरों को विरोधी ग्रुप का सीनेटर माना जाता था जिसमें जतिंद्र ग्रोवर, हरप्रीत सिंह दुआ, संदीप सीकरी, विकी गिल और शमिंदर संधू हैं, ये सभी श्री जैन के पैनल से चुनकर आए हैं। इन चुनाव में यह बात अवश्य देखने में आई है कि कुलपति समर्थक धड़ा पहले के मुकाबले थोड़ा कमजोर अवश्य हुआ है लेकिन फिर भी वह गुणा भाग में सत्यपाल जैन के ग्रुप पर भारी पड़ सकता है।

## मीका सिंह ने परफॉर्मेंस से जोश भरा



चंडीगढ़/यूटर्न/25 दिसंबर। पंजाब के दिल की धडक़न, मीका सिंह ने क्रिसमस ईव के दौरान अपने जोशीले संगीत से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने बहुचर्चित गानों में बिजली, मौजा ही मौजा, सावन में लग गई आग की हिट गानों का दर्शकों के समक्ष पेश कर उनसे खूब प्रशंसा बटौरी और उन्हें गानों के माध्यम से थिरकने पर मजबूर कर दिया। यह आयोजन नेक्सस एलांते में आयोजित किया गया था जिसमें ट्राइसिटी के लोग दर्शक थे। नेक्सस एलांते ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर तमाशा नामक सबसे बड़े लाइव म्यूजिक प्रोग्राम की मेजबानी एलांते के कोर्टयार्ड में की। मीका सिंह ने अपने गाने की शुरूआत 'दमा दम्म मस्त कलंदर' के दमदार गाने के साथ की और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद उन्होंने 'सावन में लग गयी आग' व 'ओ लड़की आंख मारे' जैसे गाने गाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इसके बाद उन्होंने मौजा ही मौजा, जिथे जवांगे उथे गड़ी मोड़ागे, जैसे जोश भरे गानों से दर्शकों को नाचने पर विवश कर दिया। इस अवसर पर मीका सिंह ने कहा, पंजाब मेरे दिल के बहुत करीब है, इसलिए चंडीगढ़ में प्रदर्शन करना हमेशा खास महसूस होता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह उत्तर भारत के बेहतरीन मॉल में से एक है जो शानदार एफएंडबी और खरीदारी का अनुभव प्रदान करता है। नेक्सस मॉल के एग्क्यूटिव डायरेक्टर अनिल मल्होत्रा ने कहा कि पंजाब के लोकप्रिय गायकों में से एक की मेजबानी करना वास्तव में हमारे लिए उत्साह का क्षण था। नेक्सस एलांते अपने संरक्षकों के लिए अब हर दिन कुछ नया अनुभव में विश्वास करता है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू में मौज-मस्ती, भोजन, फैशन और मनोरंजन के ट्रेंडसेटर्स के लिए केंद्र और हम अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए बढ़ते रहेंगे।

फूड और म्यूजिक फेस्टिवल के अलावा, मॉल को हेमली के सहयोग से पोलर एक्सप्रेस सजावट के साथ सजाया गया है। यह बच्चों के लिए बहुत सारी गतिविधियाँ प्रदान करता है।

## यूटी प्रशासन ने शहर में अब एक और इंडस्ट्रियल एरिया बसाने की तैयारी की




चंडीगढ़/यूटर्न/25 दिसंबर। यूटी प्रशासन ने शहर में अब एक और इंडस्ट्रियल एरिया को बसाने की तैयारी कर ली है। इसे इंडस्ट्रियल एरिया फेज-3 के नाम से जाना जाएगा। उद्योग विभाग के आग्रह पर एस्टेट ऑफिस जल्द इंडस्ट्रियल एरिया फेज-3 में कुछ प्लॉट्स की नीलामी करने जा रहा है। यूटी एस्टेट ऑफिस ने 30 इंडस्ट्रियल प्लॉट्स की सूची तैयार की है, जिनकी जल्द ही नीलामी की जाएगी। ये प्लॉट इंडस्ट्रियल एरिया फेज 3 में हैं। अधिकारियों के अनुसार ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्रीज को आमंत्रित करने और शहर में औद्योगिक गतिविधि बढ़ाने के लिए इनकी नीलामी की जाएगी। जानकारी के अनुसार ये नीलामी फ्री होल्ड पर होगी। प्रशासन इंडस्ट्रियल एरिया फेज-3 में वह औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाना चाहता है। यही कारण है कि यहां के प्लॉटों की भी नीलामी करने की तैयारी की गई है। प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार इससे शहर में नई इंडस्ट्री को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। रायपुरकलां में इंडस्ट्रियल एरिया फेज-3 के लिए 153 एकड़ की जमीन खाली है। विभाग ने पहले भी कई बार प्लॉट्स की नीलामी के प्रयास किए हैं लेकिन लीज होल्ड होने की वजह से लोगों ने रुचि नहीं दिखाई। विभाग को उम्मीद है कि फ्री होल्ड होने की वजह से इस बार काफी संख्या में लोग नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे। शहर में उद्योगों के लिए तीन इंडस्ट्रियल एरिया तय किए गए थे। इसमें फेज-एक को 776.14 एकड़ में विकसित किया गया है। फेज-दो को 486 एकड़ में विकसित किया गया है। यूटी प्रशासन के उद्योग विभाग के अनुसार फेज-1और दो को पूरी तरह से विकसित कर लिया गया है। फेज-3 को 153 एकड़ में बसाया जाना बाकी है। दोनों फेज में 1966 प्लॉट हैं। 5 मरला से लेकर 1 कनाल तक के क्षेत्र में छोटे प्लॉट फेज-एक में सबसे ज्यादा है जबकि फेज-2 में सभी छोटे इंडस्ट्रियल प्लॉट हैं। यहां भी कोई बड़ा उद्योग नहीं है। गौरतलब है कि मार्च माह में एस्टेट ऑफिस ने फ्री होल्ड पर आठ आवासीय संपत्तियों की नीलामी की थी।

## अग्रवाल भवन में दो दिवसीय महाकुंभ शुरू

चंडीगढ़/यूटर्न/25 दिसंबर| अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन हरियाणा का अग्रवाल भवन में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय अग्र महाकुंभ शनिवार को धूमधाम से शुरू हो गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष बागरोदिया और एसएल ग्रुप के चेयरमेन सुभाष चंद्रा ने मुख्य अतिथि थे। अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने हमानों को स्वागत किया। पहले दिन देशभर से आये समाज के लोगों के साथ बैठक कर कई मसलों पर चर्चा की गई। शाम को भगवान अग्रसेन जी की शान में 5176 दीये जलाकर विशाल दीप यज्ञ का आयोजन किया गया और रात में मां लक्ष्मी जी का पूजन किया गया। संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने कहा कि अग्रवाल समाज का देश की अर्थव्यवस्था सहित सेवा के सभी प्रकल्पों में अग्रणी योगदान रहता है। उसी के अनुरूप समाज को राजनीति में भी भागीदारी चाहिए।

## पार्किंग एरिया में रक्तदान शिविर लगाया

जीरकपुर/यूटर्न/25 दिसंबर। सोही कॉम्प्लेक्स बलटाना के पार्किंग एरिया में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा मोहाली ने अहम भूमिका निभाई। विश्वास फाउंडेशन अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में संतोष कुमार गुप्ता, शिवा, लक्षित, शरयाती मंगला व एनएसजी ग्रुप से गुरध्यान सिंह का सहयोग सराहनीय रहा। ब्लड बैंक सिविल अस्पताल सेक्टर 6 पंचकूला की टीम ने डॉक्टर आमित सम्मी व अन्य स्टाफ पूजा सैनी, मनीषा रानी, भारती मौजूद रहे।

### महिलाओ ने गीत संगीत, भंगड़ा, गिद्दा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पर जश्न मनाया

# क्लब ने प्री न्यू ईयर सेलिब्रेट किया



चंडीगढ़/यूटर्न/25 दिसंबर| सेक्टर 17 में सेंको गोल्ड एंड डायमंड ज्वैलर्स के शोरूम मे रेनबो लेडीज क्लब द्वारा प्री न्यूईयर 2023 एवम क्रिसमस सेलिब्रेशन बहुत धूमधाम से किया गया। रेनबो लैडिज क्लब की प्रधान श्री मति पूनम सहगल उपप्रधान ज्योति सहगल ने बताया कि इसका आयोजन सेंको ज्वैलर्स एंव रेनबो क्लब के सहयोग से किया गया। पूनम सहगल ने बताया की नए साल के आने में केवल कुछ ही दिन बाकी है और पूरे देश में इसका जशन मनाना शुरू हो चुका है वही रेनबो लैडिज क्लब की महिलाओ द्वारा गीत संगीत , भंगड़ा , गिद्दा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा नया साल सेलिब्रेट किया गया। इस मोके पर कई तरह की प्रतियोगिताएं , गेम्स , क्विज आदि भी खेले गए । सभी के लिए ड्रेस कोड लाल एवम सफेद रखा गया। इस मौके पर सीनियर सिटीजन महिलाओं उषा गर्ग , संतोष गर्ग , कमलेश गेरा जी द्वारा बहुत ही सुंदर नृत्य एवम गाने की प्रस्तुती दी गई । इस मौके पर ट्राई फिल्म स्टूडियो की डायरेक्टर एमी जोंस ने विषय अतिथि शिरकत की। कम्पनी द्वारा महिलाओं को गोल्ड एवम डायमंड की शुद्धता के बारे में जानकारी दी। 'बीते साल को भूल जाएँ आने वाले साल को गले लगाएँ करते हैं हम प्रार्थना ईश्वर से इस साल सारे सपने पूरे हों जाए' इस मंगल कामना से सभी महिलाओं ने भगवान से प्राथना की। सभी महिलाओं ने एक दूसरे को।नए साल की शुभकामनाएं दी। सहगल ने बताया की रेनबो क्लब ट्राईसिटी का पहला ऐसा क्लब है जहा समय समय पर हर तरह के कार्यक्रम जैसे सामाजिक , धार्मिक , एवं सांस्कृतक कार्यक्रम होते रहते हैं |

## चाकू मारकर युवक की हत्या

पंचकूला/यूटर्न/25 दिसंबर। राजीव कॉलोनी में चाकू मार्कर एक युवक की हत्या होने का मामला प्रकाश में आया है। सेक्टर 16 पुलिस चौकी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 24 वर्षीय मुकेश के रूप में हुई है । जानकारी के मुताबिक मुकेश अपने दोस्तों के साथ काम करने के बाद घर वापस लौट रहा था कि जैसे ही वे राजीव कालोनी के नाले के पास पहुंचे तो अज्ञात युवकों ने तीनों पर हमला कर दिया और तीनों में से ऋषभ और दिव्यांशु के चोटें लगीं और मुकेश की मौत हो गयी। चौकी इंचार्ज गुरपाल सिंह अपनी पूरी टीम के साथ सेक्टर 6 के हॉस्पिटल में पहुंचे और बयान दर्ज करके मामला दर्ज कर लिया है। सेक्टर 14 के एसएचओ कर्मवीर सिंह ने बताया कि हमने बॉडी सेक्टर 6 के मोर्चरी में रखवा दी है। कल पोस्टमार्डम करवाकर बॉडी परिवार को सौंपी जाएगी।

अभयपुर गांव में पत्थर मार कर अपने ही साढू की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने हत्या करने के बाद साढू का शव कूड़े के ढ़ेर में दबा दिया। मृतक की पहचान गांव अभयपुर निवासी जगरूप के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक हत्या करके शव को कूड़े के ढ़ेर में छिपाया गया था। पुलिस ने हत्या के केस में उसके साढू को गिरफ्तार किया है। वह इसके पास नौकरी करता था।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

**कई संस्थान कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही कर दिए बंद, विरोध में भाजपा**

# पूर्व सरकार के निर्णयों को पलट कई संस्थानों पर तालाबंदी का हुआ विरोध

हिमाचल/यूटर्न/25 दिसंबर। पूर्व भाजपा सरकार के निर्णयों को पलटते हुए कई सरकारी संस्थानों पर तालाबंदी करने को लेकर भाजपा आगबबूला हो गई है। विधानसभा क्षेत्र सरकाघाट में पूर्व सरकार द्वारा खोले गए करीब एक दर्जन सरकारी संस्थान बंद किए जाने को लेकर शनिवार को भाजपा कार्यकर्ता स्थानीय विधायक दलीप ठाकुर के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के इस निर्णय के विरुद्ध सरकाघाट में विरोध प्रदर्शन कर जम कर नारेवाजी की और एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। जिसमें विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए कई सरकारी संस्थान खोले थे। जिनमें भदरोता में पालिटैक्निक कालेज, पट्टडीघाट में पशु औषधालय, पटवार सर्कल आदि एक उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को लोगों ने बहुमत दिया है। तो सरकार अब लोगों से किए वादे पूरे करके दिखाए। न कि



पहले से स्थापित विकास कार्यों की राह में रोड़े अटकाए। उन्होंने ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल पूरा कर पूरे प्रदेश में जो संस्थान खोले थे। उन्होंने कांग्रेस सरकार की कडी निंदा करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस सरकार अपने जनविरोधी फैंसलो को वापिस नही लेती है और बंद किए संस्थानो को बहाल नही करेगी। तो कोर्ट का रास्ता अख्तियार करने से गुरेज नही किया जाएगा। इस मौके पर मंडला अध्यक्ष निशा ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य केएल राणा, मंडल उपाध्यक्ष सुदेश चंदेल, मंडल उपाध्यक्ष संजय गुलेरिया, मंडल उपाध्यक्ष शांता ठाकुर, एससी मोर्चा के अध्यक्ष ख्याली राम, टेक चंद, विनित ठाकुर, विनय राणा, शीतला देवी, प्रोमिला देवी, संदीप जसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीमेंट उद्योग बंदी का मामला, कर्मी ट्रांसफर



शिमला /यूटर्न/25 दिसंबर। अडानी सीमेंट की दाड़लाघाट और गागल इकाइयों से कर्मचारियों को शनिवार को उत्तरी क्षेत्र के संयंत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है। स्थानांतरित होने वाले कर्मचारियों से भरी दो बसों को रवाना किया गया। कंपनी ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा करते हुए दाड़लाघाट के 85 से अधिक कर्मचारियों और गागल इकाइयों के 58 कर्मचारियों को उत्तरी क्षेत्र में अडानी सीमेंट के नजदीकी संयंत्रों में भेज दिया है। इन कर्मचारियों का नियोजित स्थानांतरण तुरंत तीन ग्राइंडिंग प्लांट्स (रोपड़, बठिंडा और नालागढ़) और तीन इंटीग्रेटेड प्लांट्स (मारवाड मूंडवा, राबरियावास और लाखेरी) को प्रभावित करेगा। उत्पादन, रखरखाव और गुणवत्ता जैसे परिचालन क्षेत्रों के लोगों को विभिन्न स्थानों पर पुनर्नियुक्त किया जा रहा है। अडानी ग्रुप हिमाचल प्रदेश में ट्रक यूनियनों के अड़ियल रुख के कारण पैदा हुई स्थिति से बेहद दुखी है।

## हथियारों का जखीरा बरामद पाकिस्तानी गुब्बारे में मिले

बारामूला/यूटर्न/24 दिसंबर। सेना और पुलिस के संयुक्त अभियान में भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। इसके बाद पूरे नियंत्रण रेखा पर गश्त तेज कर दी गई है।

शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि संयुक्त अभियान में बारामुला पुलिस ने सेना के साथ उरी के हथलंगा सेक्टर में तलाशी अभियान चलाया। इस बीच भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारी ने बताया कि मौके से आठ एके 74यू,



24 एके 74 मैगजीन, 12 चाइनीज पिस्टल, 24 पिस्टल मैगजीन, 9 चाइनीज ग्रेनेड मिल हैं। इसके अलावा पांच पाकिस्तानी ग्रेनेड, पांच गेहूं के बैग, 81 पाकिस्तानी गुब्बारे, 560 राउंड एके राइफल और 244 राउंड पिस्टल बरामद किया गया। इस संबंध में मामला केस दर्ज कर लिया गया है।

## अलगाववादी नेता समेत जमात की 123 करोड़ की संपत्ति जब्त

जम्मू/यूटर्न/24 दिसंबर। राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शनिवार को प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के खिलाफ कश्मीर घाटी में बड़ी कार्रवाई करते हुए 122.89 करोड़ रुपये की कई संपत्तियों को जब्त कर लिया। इनमें दिवंगत अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी के नाम पर पंजीकृत एक घर भी शामिल है। एसआईए ने आतंकी संगठनों की फंडिंग रोकने के लिए पुलवामा, कुलगाम, बडगाम और श्रीनगर जिलों में यह कार्रवाई की। एसआईए की सिफारिश पर संबंधित जिला मजिस्ट्रेटों के द्वारा अधिसूचित किए जाने के बाद एक दर्जन स्थानों पर संपत्तियों को उपयोग और प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही जब्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि बरजुल्ला (श्रीनगर दक्षिण) में 17 मरला और 199 वर्ग फुट से अधिक के दो मंजिला मकान सैयद अली शाह गिलानी और फिरदौस अहमद असमी के नाम पर हैं।


### आज का विचार




### कॉर्टून कोना





### अजब गजब



## मंथन

# हनुमान चालीसा पढ़ने से पहले जान लें इसके नियम

हिन्दू मान्यता के अनुसार मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित है, इस दिन हनुमान चालीसा के पाठ का विशेष महत्व है। महिलाएं और पुरुष दोनों समान रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर सकते हैं। यह आपके जीवन में आने वाली सभी विपत्तियों को दूर करने में सहायक है। यदि आप भी नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं तो इससे जुड़े कुछ नियम जान लीजिये जिसकी सहायता से आप बजरंग बली को जल्दी प्रसन्न कर पाएंगे-



शांत मन से करें पाठ : शांत मन से करें, कुछ लोग जल्दबाजी में बस हनुमान चालीसा की कुछ चौपाइयों का ही पाठ करते हैं, या जल्दी- जल्दी गलत शब्दों का उच्चारण करके हनुमान चालीसा के पाठ को पूरा करते हैं। यह तरीका सही नहीं है, हनुमान चालीसा पढ़ने में ज्यादा समय नहीं लगता अगर आपके पास सुबह हनुमान चालीसा पढ़ने के लिए समय नहीं है तो आप शाम को हनुमान चालीसा का पाठ कर सकते हैं। पूरे विश्वास और श्रद्धा के साथ किसी शांत स्थान पर बैठ कर हनुमान चालीसा पढ़नी चाहिए।

लाल वस्त्रों में करें पाठ हनुमान चालीसा का पाठ करते समय लाल वस्त्र धारण करें, लाल रंग हनुमान जी को विशेष रूप से प्रिय है। कभी अस्वच्छ वस्त्रों में हनुमान चालीसा का पाठ ना करें। यदि हनुमान चालीसा का पाठ घर में कर रहें हैं तो हनुमान जी के चित्र को लाल रंग के आसन पर विराजमान करें। लेकिन कभी भी भीगे वस्त्रों में हनुमान चालीसा का पाठ ना करें।

तीन या पांच बार करें पाठ : हनुमान चालीसा का पाठ करते समय कोशिश करें पाठ तीन या पांच बार करें, मंगलवार को पाठ सुबह और शाम दोनों समय करें, आपको मानसिक शांति की अनुभूति होगी और आपका स्ट्रेस भी दूर होगा।

कुश या ऊनी आसन पर करें पाठ : हनुमान चालीसा का पाठ करते समय कुश या फिर ऊनी आसन का प्रयोग करें। आसन लाल रंग का होना चाहिए। घर में हनुमान चालीसा का पाठ कर रहें हैं तो स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखें। हनुमान चालीसा का पाठ करते समय हनुमान जी को सिंदूर और तुलसी अवश्य अर्पित करें। हनुमान चालीसा का पाठ करने से पहले राम नाम का उच्चारण अवश्य करें, यह हनुमान जी को अत्यंत प्रिय है।

# सर्दी में इन सब्जियों को भूलकर भी काटने के बाद नहीं धुलना चाहिए, ज़हर की तरह करती हैं असर

हमारे लंच या डिनर में ज्यादातर रोटी, दाल-चावल, सब्जियां, सलाद और रायता जैसी चीजें होती हैं जो एक तरह से कंप्लीट मील होती है। लेकिन कई बार हम इन्हें स्वादिष्ट बनाने के चक्कर में इतना पका देते हैं कि इनमें पोषण ही नहीं रह जाता। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि हम जो चीजें खा रहे हैं उसके पोषण को जान लें और फिर उसे पकाएं। इस तरह कुछ सब्जियों को हम काटकर धोते हैं और कुछ को धोकर काटते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कुछ सब्जियों को काटकर नहीं धुलना चाहिए? आइए जानते हैं क्यों-



काटने से पहले गर्म पानी में रखें आमतौर पर हमें मौसम में मिलने वाली सब्जियां ही खानी चाहिए। जहां तक हो सके सब्जियों और फलों को छिलके सहित खाने की कोशिश करें, क्योंकि इनमें मौजूद फाइबर कब्ज दूर करने में सहायक होता है। हालांकि आजकल सब्जियों पर कई तरह के हानिकारक कीटनाशकों का छिड़काव किया जाता है। इसलिए काटने से पहले उन्हें पांच मिनट तक गर्म पानी में डुबोकर अच्छी तरह धो लें, क्योंकि सब्जियों को काटने के बाद धोने से उनमें मौजूद विटामिन नष्ट हो जाते हैं। खासकर ठंड में मिलने वाली सब्जियों (पालक, सरसों, चौलाई, बथुआ, सोया, मेथी, गाजर, मूली आदि) को काटकर नहीं धुलना चाहिए, इसमें मौजूद पोषक तत्व पानी के साथ बह जाते हैं। इसलिए सब्जियों को काटने से पहले अच्छी तरह धो लें। हरी सब्जियों को ज्यादा देर तक न पकाएं क्योंकि इससे उनमें मौजूद मिनरल्स खत्म हो जाते हैं, लेकिन गाजर को ज्यादा देर तक पकाना चाहिए क्योंकि ज्यादा देर तक पकाने से उसमें मौजूद पौष्टिक तत्व लाइकोपीन की मात्रा बढ़ जाती है। उबला या बेक किया हुआ आलू खाना सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। फ्रेंच फ्राइज या आलू टिक्की जैसी चीजों में कार्बोहाइड्रेट के साथ फैट का कॉम्बिनेशन सेहत के लिए हानिकारक साबित होता है। ऐसा कहा जाता है कि सब्जी को जितना बारीक काटा जाता है, पकने तक उसके पोषक तत्व उतने ही कम हो जाते हैं। हम में से ज्यादातर लोग सब्जियों को पकाने से 1-2 घंटे पहले काटते हैं और इस बीच बारीक कटी हुई सब्जियां अपना स्वाद खो देती हैं। यही कारण है कि बारीक कटी हुई सब्जियों को तुरंत पकाना चाहिए, ताकि उनके पोषक तत्व बरकरार रहें। यदि आप सब्जियों को पकाने से कुछ घंटे पहले काटते हैं, तो बड़े टुकड़ों और टुकड़ों का सहारा लें।

### भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच हो रहा ढाका

# जीत की दहलीज पर खड़ा है भारत

नई दिल्ली/यूटर्न/25/ दिसंबर। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा और आखिरी टेस्ट ढाका में खेला जा रहा है। इस मैच में बांग्लादेश ने पहली पारी में 227 रन बनाए थे। इसके जवाब में भारत ने 314 रन बनाए। दूसरी पारी में बांग्लादेश की टीम 231 रन बना पाई और भारत के सामने 145 रन का लक्ष्य रखा है। इसके जवाब में भारत ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 45 रन बना लिए हैं। भारत को जीतने के लिए 100 रन की जरूरत है, वहीं बांग्लादेश जीत से छह विकेट दूर है। तीसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। भारत का स्कोर 45/4 है। टीम इंडिया को जीत के लिए 100 रन की जरूरत है, जबकि बांग्लादेश की टीम जीत से छह विकेट दूर है। अक्षर पटेल 26 और जयदेव उनादकट तीन रन बनाकर खेल रहे हैं। अभी ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर का बल्लेबाजी के लिए आना बाकी है। ऐसे में उम्मीद है कि मैच के चौथे दिन ये दोनों बल्लेबाज टीम इंडिया को जीत दिला देंगे। इस मैच की पहली पारी में पंत और अय्यर दोनों ने अच्छी बल्लेबाजी की थी।



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए नजमुल हसन और जाकिर की जोड़ी ने 39 रन जोड़े। 12 साल बाद टेस्ट में वापसी करने वाले जयदेव उनादकट ने भारत को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने जाकिर हसन को लोकेश राहुल के हाथों कैच कराया। इसके तीन गेंद बाद ही अश्विन ने शान्तो के पवेलियन भेज दिया। मोमिनुल और कप्तान शाकिब ने तीसरे विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी की। उमेश ने शाकिब को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बांग्लादेश की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही।

मोमिनुल एक छोर पर जमे रहे, लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। मोमिनुल ने कई बल्लेबाजों के साथ 40 रन से ज्यादा की साझेदारी की, लेकिन अर्धशतकीय साझेदारी नहीं कर सके। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 84 रन मोमिनुल हक ने बनाए। 26 रन बनाने वाले मुश्फिकुर रहीम टीम के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। लिटन दास ने 25 और शान्तो ने 24 रन की पारी खेली। भारत के लिए उमेश यादव और रविचंद्रन अश्विन ने चार-चार विकेट लिए। वहीं, जयदेव उनादकट को दो विकेट मिले। अंत में बांग्लादेश की टीम 227 रन पर सिमट गई।

## हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की घोषणाः हरमनप्रीत करेंगी कप्तानी

नई दिल्ली/यूटर्न/25 दिसंबर। हॉकी वर्ल्ड कप की शुरुआत 13 जनवरी से होने जा रही है। यह 29 जनवरी तक चलेगा। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को इसमें हिस्सा लेने वाली 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में उतरेगी। वहीं अभिषेक और सुखजीत सिंह पहली बार वर्ल्ड खेलेंगे।




26 साल के हरमनप्रीत ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे थे। उन्हें 2020-21 और 2021-22 में एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। भारत का पहला मैच 13 जनवरी को स्पेन, दूसरा 15 जनवरी को इंग्लैंड और तीसरा 19 जनवरी को वेल्स से होगा। श्रीजेश और कृष्ण बहादुर चौथा वर्ल्ड कप खेलने उतरेंगे। टीम में विवेक सागर प्रसाद की वापसी हुई है। टखने की चोट के कारण विवेक ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे के साथ-साथ प्रो लीग में भी नहीं खेल पाए थे। अनुभवी स्ट्राइकर आकाशदीप सिंह के अच्छे फॉर्म ने उन्हें फॉरवर्ड-लाइन में जगह दी गई है। गोल कीपर पीआर श्रीजेश चौथी बार वर्ल्ड कप में भारत के लिए खेलेंगे। घरेलू धरती पर ये उनका तीसरा वर्ल्ड कप होगा. 33 खिलाड़ियों के कोर-ग्रुप को बेंगलुरु के SAI सेंटर में दो दिवसीय चयन ट्रायल के माध्यम से टीम का चयन करने के लिए रखा गया था।


## हसिनाओं की बोल्ड तस्वीरें




























खुद बोलती तस्वीर



मध्य प्रदेश के पेंटर यतींद्र महोबे ने पीएम की तस्वीर बनाई। साभार

20 जनवरी को कोर्ट में पेश की जाएगी रिपोर्ट

# दावा-मस्जिद के नीचे मंदिर, सर्वे के आदेश

नई दिल्ली/यूटर्न/24 दिसंबर। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद में जिला कोर्ट ने शनिवार को बड़ा आदेश दिया। यहां भी वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर की तरह मस्जिद का सर्वे होगा। सीनियर डिवीजन की कोर्ट ने हिंदू सेना की याचिका पर यह आदेश दिया। रिपोर्ट 20 जनवरी को कोर्ट में पेश की जाएगी। सर्वे 2 जनवरी से होगा।हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही ईदगाह में स्वास्तिक का चिह्न, मंदिर होने के प्रतीक के साथ मस्जिद के नीचे भगवान का गर्भ गृह है। पक्षकार मनीष यादव और वकील महेंद्र प्रताप ने कहा कि शाही ईदगाह में हिंदू स्थापत्य कला के सबूत मौजूद हैं। ये वैज्ञानिक सर्वे के बाद सामने आ जाएंगे। अर्जी मथुरा के जिला अदालत में एक साल पहले दाखिल की गई थी। याचिका में कहा गया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन पर औरंगजेब ने मंदिर तोड़कर ईदगाह मस्जिद बनवाई थी। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर मंदिर बनने तक का पूरा इतिहास अदालत के सामने पेश किया। उन्होंने 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ बनाम शाही ईदगाह के बीच हुए समझौते को भी अवैध बताते इसे खत्म किए जाने की मांग की। श्री कृष्ण जन्मस्थान शाही ईदगाह मामले में दिल्ली के रहने वाले हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता और गुरुग्राम निवासी उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव ने सिविल जज सीनियर डिवीजन तृतीय सोनिका वर्मा की अदालत में 8 दिसंबर को वाद दाखिल किया था। हिंदू सेना की तरफ से अधिवक्ता शैलेश दुबे ने कोर्ट में भगवान श्री कृष्ण के जन्म से लेकर मंदिर बनने तक का पूरा इतिहास रखा। दाखिल किए गए वाद में हिंदू सेना ने 1968 में श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और शाही ईदगाह कमेटी के बीच हुए समझौते को चुनौती दी गई है। अधिवक्ता शैलेश दुबे ने बताया कि अदालत के सामने 8 दिसंबर को कोर्ट में वाद दाखिल किया उसी दिन कोर्ट ने केस दर्ज कर लिया। इस मामले में कोर्ट ने अमीन से विवादित स्थल के सर्वे मय मानचित्र के आदेश किए हैं। इस मामले में श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वह भी कोर्ट से अमीन द्वारा सर्वे कराने की मांग कर रहे थे। कोर्ट ने आदेश दिया है इसका स्वागत है। महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी कोर्ट में शीतकालीन अवकाश हो गया है। अब न्यायालय 2 जनवरी को खुलेगा।इसके बाद कोर्ट अमीन शाही ईदगाह में सर्वे के लिए जाएंगे। जहां वह मौजूद सबूतों की रिपोर्ट तैयार करेंगे। इस दौरान हो सकता है कि मौके पर वीडियोग्राफी भी कराई जाए। महेंद्र प्रताप ने बताया कि सर्वे के दौरान अन्य मामलों के पक्षकार भी मौजूद रहेंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही ईदगाह को लेकर मथुरा कोर्ट में 12 से ज्यादा मामले चल रहे हैं। इनमें सभी में भगवान श्रीकृष्ण की 13.37 एकड़ भूमि कब्जा मुक्त करने की मांग की गई है।



# इमरान की एक्स वाइफ ने किया तीसरा निकाह

पाक/यूटर्न/25दिसंबर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पूर्व पत्नी रेहम खान ने तीसरी बार शादी की है। रेहम ने खुद सोशल मीडिया पर अपने निकाह के बारे में जानकारी दी। रेहम खान के नए पति का नाम मिर्जा बिलाल है। दोनों के बीच उम्र का फासला 13 साल का है। अमेरिका में ही रेहम और बिलाल ने एक सादे समारोह में निकाह किया है।

रेहम खान ने इमरान खान से साल 2015 में तलाक लिया था। रेहम खान की तरह मिर्जा बिलाल की भी पहले दो शादियां हो चुकी हैं। मिर्जा बिलाल एक बच्चे के पिता भी हैं। रेहम खान ने ट्विटर पर मिर्जा बिलाल के साथ फोटो शेयर कर अपनी शादी की जानकारी दी है। रेहम खान ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, "आखिरकार मुझे वो इंसान मिल गया, जिस पर भरोसा कर सकूं।" पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रेहम खान के पति मिर्जा बिलाल पाकिस्तानी मूल के हैं लेकिन वर्तमान में अमेरिका में रहते हैं। मिर्जा बिलाल की उम्र 36 साल है। वह पेशे से पहले एक मॉडल थे और अब कॉरपोरेट जगत में हैं। वहीं, रेहम खान 49 साल की हैं, जो पत्रकार के साथ-साथ कमेंटेटर भी हैं। रेहम ने साल 2006 में बतौर टीवी होस्ट अपने करियर की शुरुआत की। साल 2008 में उन्होंने बीबीसी में नौकरी शुरू की। जिसके बाद साल 2015 में वे डॉन न्यूज के साथ 'द रेहम खान शो' करने लगीं।



# ईंट भट्टे की चिमनी फटी, 7 लोगों की मौत, 20 लापता और 13 घायल



ताइपे/यूटर्न/24 दिसंबर। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में शुक्रवार शाम एक ईंट भट्ठे में हुए विस्फोट में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घटना मोतिहारी के रामगढ़वा इलाके के ईंट भट्ठे की है कथित तौर पर, ईंट भट्ठा के मालिक मोहम्मद ईशरार मारे गए लोगों में से थे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच गए हैं। एएसपी रक्सौल ने शुक्रवार को बताया कि मोतिहारी में ईंट भट्ठे की चिमनी में विस्फोट के बाद कम से कम सात मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दस से ज्यादा लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया बचाव अभियान भी जारी है। घायलों को पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर कई फायर टेंडर काम कर रहे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मौतों पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर प्रभावित परिवारों को इस क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी घायल व्यक्तियों को अच्छा इलाज मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के मोतिहारी में एक ईंट भट्ठा विस्फोट में हुई जनहानि पर दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

# टीवी अभिनेत्री तुनिशा शर्मा ने कर ली आत्महत्या

नई दिल्ली/यूटर्न/25 दिसंबर। टीवी अभिनेत्री तुनिशा शर्मा ने टीवी सीरियल के एक शो के सेट पर आत्महत्या कर ली। तुनिशा ने अली बाबा दास्तान-ए-काबुल में शहजादी मरियम की भूमिका निभाई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री ने 20 साल की उम्र में शनिवार (24 दिसंबर) को अपने टीवी शो के सेट पर सुसाइड कर लिया। उनका शव मेकअप रूम में पंखे से लटका मिला। बता दें कि तुनिशा शर्मा ने छोटी सी ही उम्र में एक्टिंग के करियर में अपनी पहचान बना ली थी। उन्होंने कई पॉपुलर सीरियल और फिल्म में काम किया था। उनके अचानक सुसाइड करने की खबर से उनके फैंस को गहरा झटका लगा है। गौरतलब है कि शो के सेट पर मेकअप रूम में तुनिशा ने खुद की जिंदगी खत्म कर ली। वहीं तुनिशा शर्मा के निधन पर उनके फैंस अभिनेत्री के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कमेंट के जरिए शोक व्यक्त कर रहे हैं। अली बाबा दास्तान-ए-काबुल में शहजादी मरियम की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री तुनिषा शर्मा की आत्महत्या को लेकर टाइम्स ऑफ इंडिया ने लिखा, एक्ट्रेस ने खुद को मेकअप रूम में पंखे से लटका लिया था। जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक तुनिशा अपने को-स्टार शीजान मोहम्मद खान के मेकअप रूम में थीं। वहीं अपना शॉट देने के बाद जब शीजान अपने मेकअप रूम में लौटे तो उनका रूम लॉक था। जिसके बाद तुनिशा को बार-बार आवाज लगाई गई। इसके बाद भी गेट न खुलने परदरवाजा तोड़ा गया और तुनिषा को अस्पताल ले जाया गया। वहीं तुनिशा शर्मा की मौत पर उनकी मां ने अभिनेता शीजान मोहम्मद खान पर आरोप लगाया है। बता दें कि तुनिशा शर्मा की मां ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। मां का कहना है कि शीजान से पीड़ित हो कर तुनिशा ने आत्महत्या की है।



कराची में 1 किलो आटे का दाम मौजूदा समय में 125 रुपये है

# पाकिस्तान में महंगाई चरम पर, 20 किलो आटे की कीमत पहुंच गई ढाई हजार रुपए

पाक/यूटर्न/25 दिसंबर| पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई से आम लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। आलम यह है कि 20 किलो आटे की कीमत 2500 तक पहुंच गई है। मालूम हो कि पाकिस्तान के कराची में एक किलो आटे की कीमत 125 रुपये किलो जा पहुंची है। महंगाई के इस दौरान आम लोगों को इस कीमत पर आटा खरीदने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। बता दें कि पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स के आंकड़ों के मुताबिक कराची में 20 किलोग्राम के आटे की बोरी ढाई हजार में मिल रही है। मालूम हो कि कराची में 1 किलो आटे का दाम मौजूदा समय में 125 रुपये है। जोकि इस्लामाबाद और पंजाब की कीमत से लगभग 100 प्रतिशत अधिक है। पाकिस्तान में अंग्रेजी अखबार डॉन आटे की कीमतों पर लिखा कि पिछले सप्ताह में, कराची, हैदराबाद और क्वेटा में 20 किलो आटे की कीमत में 100 रुपये की बढ़ोतरी देखी गई है। जिसकी दरें क्रमशः 2,320, 2,420 और 2,500 रुपये हो गई हैं। वहीं बन्नू, पेशावर, लरकाना और सुक्कुर में कीमतें क्रमशः 40 रुपये, 70 रुपये, 50 रुपये और 40 रुपये बढ़ीं। वहीं इस दौरान इस्लामाबाद और पंजाब में 20 किलो आटे की बोरी की कीमत 1,295 रुपये दर्ज की गई है। पाकिस्तान में आम लोगों की जेब पर भारी असर पड़ा। महंगाई की वजह से उनका महीने का बजट असंतुलित हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में गेहूं, गैस और चावल की भी काफी किल्लत है। अपनी जरुरतों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान चावल और गैस का आयात कर रहा है। वहीं गैस भी कर्ज के सहारे मिल रही है। हालांकि इसके लिए पाकिस्तान को भारी कीमत देनी होगी।



# रूस में नर्सिंग होम में आग लगने से 20 लोगों की मौत



रूस/यूटर्न/25 दिसंबर| रूस के एक शहर में शनिवार (24 दिसंबर, 2022) को दो मंजिला इमारत में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया है। रूस के आपात मंत्रालय ने बताया कि साइबेरियाई शहर केमेरोवो के एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई। यह इमारत मास्को से 3,000 किमी पूर्व शहर में स्थित है। यहां भोर से पहले लकड़ी की दो मंजिला इमारत में आग लग गई थी। इमारत में आग किस कारण लगी इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन रिपोर्टों में कहा गया कि इमारत को स्टोव से गर्म किया गया था। यह स्पष्ट नहीं है कि निजी तौर पर चलाए जा रहे सुविधा केंद्र में कितने लोग रहते थे या आग लगने के समय इमारत में कितने लोग थे।

Owner, Publisher, Printer:- Komal Sharma, Printed by D. B. Corp. LTD V.P.O Hamira, Distt Kapurthala - 144601 (PB), Published by:- House No 68, New Sarabha Nagar, VPO, Daad. Ludhiana PB - 142022, Editor: Sandeep Sharma*
*तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेवार।